**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**03.08.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं के मद्देनज़र राज्य सरकार अर्ली वॉर्निंग सिस्टम स्थापित करेगी। इसके लिए जापान और दक्षिण कोरिया की अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन प्रणाली को अपनाया जाएगा। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के चलते प्रदेश में लगातार नुकसान हो रहा है, ऐसे में अर्ली वॉर्निंग सिस्टम से आपदा से पूर्व ही लोगों को ख़तरे की जानकारी दी जा सकेगी जिससे नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार ने नदी–नालों के समीप सरकारी भवनों के निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है और आने वाले समय में निजी व व्यावसायिक भवनों के निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा टी.सी.पी. नियमों में भी बदलाव किया जा रहा है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में फिर से लॉटरी प्रणाली शुरू करने के फैसले का विरोध किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने पहले तो प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर धकेला और अब लॉटरी के ज़रिए सरकार परिवारों को बर्बाद करना चाह रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के चलते प्रदेश आज एक लाख करोड़ रूपए से अधिक के कर्ज़ में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद से लगातार जनविरोधी फैसले लेकर देवभूमि को त्रस्त करने का काम किया है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पी.एम. किसान सम्मन निधि की 20वीं किश्त जारी करने पर राज्य के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस किश्त में प्रदेश के 7 लाख 38 हज़ार से अधिक पात्र किसानों को एक सौ 47 करोड़ रूपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। बिंदल ने कहा कि पी.एम. सम्मान किसान निधि प्रदेश के किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से वर्षा का क्रम जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी कई स्थानों पर व्यापक वर्षा हुई है। राज्य में इस मॉनसून सीज़न के दौरान वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक एक सौ 84 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 2 सौ 92 लोग घायल हैं। अभी भी विभिन्न स्थानों पर 36 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई महीने में शिमला ज़िले में सामान्य से 70, मण्डी ज़िले में 49 जबकि कुल्लू ज़िले में 25 फीसदी अधिक बारिश हुई है। विभाग ने कल 4 और 5 अगस्त को भी अधिकतर ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है।

**मिंजर मेला**

सप्ताह भर चला चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज संपन्न हो गया। मेले के समापन पर चम्बा ज़िला मुख्यालय में एक शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समापन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विधायक नीरज नैयर, हंसराज और डी.एस. ठाकुर मौजूद रहे। मेले के समापन पर कई सांस्कृतिक दलों ने कार्यक्रम पेश किए।

.......................................